शीर्ष प्राथमिकता /तत्काल

संख्या-23 / 2015 / मु0मं0-29 / 78-1-2015-86आई0टी0 / 2014

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी / लखनऊ / आगरा / लखीमपुर खीरी / गोरखपुर

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 01 जुलाई, 2015

विषय: रिलायन्स जिओ कम्पनी द्वारा वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत है कि राज्य के महत्वपूर्ण धार्मिक ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों पर वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इसके अन्तर्गत जनपद वाराणसी के सभी महत्वपूर्ण घाट, काशी विश्वनाथ मन्दिर, जनपद लखनऊ का बडा इमामबाडा एवं छोटा इमामबाडा, डा0 राम मनोहर लोहिया पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क, जनपद आगरा स्थित ताजमहल, शिल्पग्राम, एतमातुददौला, फतेहपुर सीकरी, जनपद लखीमपुर खीरी स्थति दुधवा राष्ट्रीय उद्यान तथा जनपद गोरखपुर स्थित कतर्निया घाट वन्य जीव उद्यान के गेस्ट हाउस में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

2- यह कार्य रिलायन्स जिओ कम्पनी द्वारा किया जाना है। इस कम्पनी द्वारा प्रदेश में 4 जी ब्रॉडबैण्ड वायर लाइन/वायरलेस ऐक्सेस सर्विस तथा 4 जी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त वर्णित महत्वपूर्ण स्थलों पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु रिलायन्स जिओ कम्पनी को यथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या-23/2015/मु0मं0-29 (1)/78-1-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- मैसर्स रिलायन्स जियो इन्फोकाम लि0, द्वितीय तल, रोहतास के0एस0 ट्राइडेंट, 10 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ-226001 (rajiv.k.agarwal@ril.com)
2- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(राम बहादुर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।